भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 695
07 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

**पाक बे प्राधिकरण**

**695. श्री कुरुवा गोरांतला माधवः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारत और श्रीलंका के बीच विवादों के शांति पूर्ण समाधान के लिए पाक बे प्राधिकरण की स्थापना की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि हां, तो इस क्षेत्र में संधारणीय मत्स्यन सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने पाक बे प्राधिकरण स्थापित नहीं किया है।

(ख): मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार मात्स्यिकी संसाधनों के स्थायी उपयोग के लिए कई उपाय कर रही है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ; (क) स्थायी मत्स्यन सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी तट पर 15 अप्रैल से 14 जून तक और पश्चिमी तट पर 1 जून से 31 जुलाई तक 61 दिनों की अवधि के लिए भारतीय ईईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) में मछली पकड़ने पर समान प्रतिबंध (यूनिफार्म बैन) लागू करना (ख) मछली पकड़ने पर प्रतिबंध/लीन अवधि के दौरान सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरा परिवारों के लिए पोषण संबंधी सहायता प्रदान करना, (ग) पारंपरिक मछुआरों द्वारा गहरे समुद्र (डीप सी) के मत्स्यन जहाजों के अधिग्रहण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके गहरे समुद्र (डीप सी) में मत्स्यन को बढ़ावा देना, (घ) मछुआरों और तटीय समुदायों आदि के लिए अतिरिक्त आजीविका सहायता प्रदान करने हेतु समुद्री संपदा की वृद्धि के लिए सी रेंचिंग, समुद्री केज में मत्स्य कृषि, सी वीड की खेती और आर्टिफिशियल रीफ का निर्माण आदि शामिल है।

*****